Seat No. : _______________

# KE-107-H

**March-2014**

## S.Y.B.Com. (Annual Pattern)
## Taxation

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. (a) टिप्पणियाँ लिखिये : (कोई **तीन**) **9**

(1) आय
(2) पिछला वर्ष
(3) प्रत्यक्ष कर का केन्द्रीय बोर्ड
(4) आयकर एपेलेट ट्रिब्युनल
(5) स्थायी खाता नंबर (PAN)
(6) उद्‌गम स्थान पर कर कटौती

(b) श्री 'एक्स', जो मूल भारतीय और जापान का नागरिक है, ता. 22 अगस्त 2008 के रोज प्रथम बार भारत आया और 5 मई 2011 के रोज टोकियो के लिए रवाना हुआ । वह दुबारा 26 जनवरी 2013 के रोज भारत आया और 30 मार्च 2013 के रोज भारत छोड़कर वापस गया ।
कर-निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए उसका निवासी दरज्जा निर्धारित कीजिये । **6**

**अथवा/OR**

(b) आयकर कानून, 1961 के अन्तर्गत "कर की जवाबदारी" (Incidence of Taxes) पर टिप्पणी लिखिये ।

2. श्री 'एक्स' (विशिष्ट कर्मचारी) नड़ियाद में एक कम्पनी में मैनेजर के रूप में काम करता है । वह ता. 31-3-2013 को पूरे होते वर्ष के लिये निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करता है : **15**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | मूल वेतन | मासिक ₹ 25,000 |
| (2) | महँगाई भत्ता | मूल वेतन का 60% |
| (3) | शिक्षण भत्ता (दो संतानों के लिए) | मासिक ₹ 500 |
| (4) | मनोरंजन भत्ता | मासिक ₹ 3,000 |
| (5) | वाहन भत्ता | मासिक ₹ 1,000 |
| (6) | मकान भाड़ा भत्ता | मासिक ₹ 4,000 |
| (7) | वास्तव में भुगतान भाड़ा | मासिक ₹ 5,000 |
| (8) | मान्य प्रो. फंड में मालिक का अंशदान | मूल वेतन का 15% |
| (9) | 10% की दर से मान्य प्रो. फंड की बाकी पर जमा हुआ ब्याज | ₹ 40,000 |
| (10) | उसके वेतन में से मासिक ₹ 200 अनुसार व्यवसाय कर की कटौती होती है । | |

उपरोक्त जानकारी पर से उसके वेतन शीर्षक अन्तर्गत कर-निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए कर योग्य आय की गणना कीजिये ।

**अथवा/OR**

(a) श्री 'एक्स' एबीसी कम्पनी लि. में से 28 वर्ष और 8 मास की नौकरी पूर्ण कर ता. 15-12-2012 के रोज निवृत्त हुआ । उसको ₹ 3,00,000 ग्रेच्युइटी चुकायी गयी । ता. 30-11-12 के रोज पूरे होते 10 मास का उसका औसत मासिक वेतन ₹ 19,200 था । उसको चुकवायी ग्रेच्युइटी, दी पेमेन्ट ऑफ ग्रेच्युइटी एक्ट, 1971 अनुसार नहीं है, ऐसा मानकर, कर-निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए कर योग्य ग्रेच्युइटी की गणना कीजिये । **6**

**अथवा/OR**

मालिक द्वारा कर्मचारी को भाड़ा बिना का सजावट वाला निवास दिया हो तब आयकर कानून अन्तर्गत इस सुविधा का मूल्यांकन करने संबंधी प्रावधान समझाइये ।

(b) श्री 'एक्स' तीन मकानों का मालिक है । निम्नलिखित विवरण के आधार पर कर-निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए 'मकान-सम्पत्ति' शीर्षक अन्तर्गत 'शुद्ध वार्षिक मूल्य' निर्धारित कीजिये । **9**

| विवरण | मकान – I | मकान – II | मकान – III |
|---|---|---|---|
| उचित भाड़ा | 84,000 | 84,000 | 84,000 |
| म्युनिसिपल निर्धारण | 72,000 | 72,000 | 72,000 |
| प्रमाणित भाड़ा | 80,000 | 90,000 | 78,000 |
| वास्तव में प्राप्त प्राप्य भाड़ा (यदि गत वर्ष पूर्ण वर्ष भाड़ा पर दिया हो) | 1,20,000 | 1,44,000 | 1,80,000 |
| वसूल नहीं हुआ भाड़ा | 30,000 | 72,000 | 72,000 |
| म्युनिसिपल कर (मालिक द्वारा भुगतान) | 6,000 | 12,000 | 18,000 |

3. श्री 'एक्स' का ता. 31-3-2013 को पूरे होते वर्ष का लाभ-हानि खाता निम्नानुसार है : **15**

| विवरण | ₹ | विवरण | ₹ |
|---|---|---|---|
| कार्यालय खर्च | 4,500 | सकल लाभ | 3,50,000 |
| बीमा प्रीमियम | 5,600 | डूबत ऋण वापसी | 10,000 |
| डूबत ऋण | 800 | प्रतिभूतियों पर ब्याज | 8,000 |
| कर्मचारियों का वेतन | 78,000 | किराया | 22,000 |
| ओडिट फीस | 25,000 | जीवन बीमा पॉलिसी पकने पर प्राप्त रकम | 10,000 |
| मालिक का वेतन | 10,000 | फुटकर आय | 10,000 |
| पूँजी पर ब्याज | 7,000 | | |
| लोन पर ब्याज | 13,000 | | |
| आयकर | 8,000 | | |
| बिक्री कर (चुकाना बाकी) | 12,000 | | |
| दान-धर्मादा | 9,000 | | |
| मोटरकार खर्च | 10,000 | | |
| घिसाई | 10,000 | | |
| भाड़ा पर दी सम्पत्ति का म्युनि. कर | 6,000 | | |
| शुद्ध लाभ | 2,11,100 | | |
| **कुल** | **4,10,000** | **कुल** | **4,10,000** |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) आयकर कानून अन्तर्गत स्वीकार्य घिसाई ₹ 8,000 ।

(2) मोटरकार का 60% उपयोग निजी गिनना है ।

(3) डूबत ऋण वापसी भूतकाल में खर्च के रूप में स्वीकार्य नहीं थी ।

उपरोक्त जानकारी पर से श्री 'एक्स' की कर-निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए कर योग्य धंधा-व्यवसाय की आय की गणना कीजिये।

**अथवा/OR**

कोई **तीन** के उत्तर दीजिये :

(1) श्री 'एक्स' ने ता. 1-1-1970 के रोज ₹ 25,000 में रहने के लिए एक मकान खरीदा । इस मकान पर उसने वित्तीय वर्ष 2001-02 दरम्यान ₹ 10,000 में प्रथम मंजिल का बांधकाम किया । यह मकान उसने ता. 1-1-2013 के रोज ₹ 20,00,000 में बेच दिया और ता. 28-2-2013 के रोज ₹ 10,00,000 में नया मकान खरीदा । ता. 1-4-1981 के रोज मकान की उचित बाजार कीमत ₹ 75,000 थी ।

निर्देशांक निम्नानुसार हैं :

| | |
|---|---|
| 1981-82 | 100 |
| 2001-02 | 426 |
| 2012-13 | 852 |

उपरोक्त जानकारी पर से कर-निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए उसका कर योग्य पूँजी लाभ ज्ञात कीजिये ।

(2) श्रीमती एक्स की निम्नलिखित जानकारी के आधार पर कर-निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए अन्य साधनों से आय शीर्षक अन्तर्गत कर योग्य आय की गणना कीजिये :

(1) वह लोकसभा के सदस्य हैं और मासिक ₹ 15,000 पारिश्रमिक प्राप्त करते हैं ।

(2) उसने एक पुस्तक लिखी है और लेखिका के रूप में वार्षिक ₹ 20,000 रोयल्टी प्राप्त करती है ।

(3) बैंक स्थायी जमा पर ब्याज ₹ 20,000

(4) इक्विटी अंश पर डिविडन्ड :

– भारतीय कम्पनी के अंशों पर ₹ 12,000

– विदेशी कम्पनी के अंशों पर ₹ 38,000

(5) वर्ष दौरान लोटरी का इनाम ₹ 80,000
(मूल स्थान से कर कटौती ₹ 35,000)

(3) आय के एकत्रीकरण (Clubbing of Income) संबंधी आयकर कानून-1961 के प्रावधानों का वर्णन कीजिये ।

(4) नुकसान को अपलिखित करना और आगे खींचना संबंधी आयकर कानून-1961 के प्रावधानों का वर्णन कीजिये ।

(5) आयकर कानून-1961 के अन्तर्गत दान-धर्मादा संबंधी कलम 80-G की छूट संबंधी प्रावधानों का वर्णन कीजिये ।

(6) आयकर कानून अन्तर्गत 'पूँजी सम्पत्ति' की परिभाषा देकर समझाइये ।

4. निम्नलिखित प्रत्येक उप-प्रश्न के एक से अधिक उत्तर दिये हैं जिनमें केवल एक ही उत्तर सही है । आप को सही उत्तर बताना है । आप के उत्तर के समर्थन में आवश्यक गणना व स्पष्टीकरण दीजिये । **15**

(a) श्री 'अ' की वित्तीय वर्ष 2012-13 में विनियोगों की जानकारी निम्नानुसार है :

| | ₹ |
|---|---|
| मान्य प्रो. फंड में अंशदान | 8,000 |
| जीवन बीमा पॉलिसी का प्रीमियम | |
| – श्री 'अ' की पॉलिसी पर | 10,000 |
| – उसके भाई की पॉलिसी पर | 16,000 |
| हाउसिंग लोन का भुगतान ( ₹ 10,000 ब्याज सहित) | 82,000 |
| राष्ट्रीय बचत पत्रों की खरीदी | 4,000 |

कलम 80-C अन्तर्गत छूट योग्य रकम :

(1) ₹ 94,000 (2) ₹ 1,00,000

(3) ₹ 1,20,000 (4) ₹ 1,10,000

(b) श्री 'ब' सूरत में (20 लाख की जनसंख्या) एक कम्पनी में मैनेजर है । उसका वार्षिक मूल वेतन ₹ 2,40,000 और वार्षिक महँगाई भत्ता ₹ 60,000 है । महँगाई भत्ता निवृत्ति के लाभ की गणना में मूल वेतन में जोड़ा जाता है । उसको मालिक की तरफ से भाड़ा बिना के निवास (मकान) की सुविधा दी जाती है । प्राप्त निवास सुविधा का मूल्य कितना होगा ?

(1) ₹ 22,500 (2) ₹ 30,000

(3) ₹ 45,000 (4) शून्य

(c) श्री 'क' भाड़ा पर दिये मकान-सम्पत्ति संबंधी निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करता है :

| | ₹ |
|---|---|
| म्युनिसिपल निर्धारण | 90,000 |
| उचित भाड़ा | 95,000 |
| प्रमाणित भाड़ा | 85,000 |
| म्युनिसिपल कर (भुगतान) | 10% |
| वास्तव में प्राप्य योग्य भाड़ा | मासिक ₹ 8,000 |
| मकान खाली रहने का समय | 2 मास |

कर-निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए मकान-सम्पत्ति की कर योग्य आय है :

(1) ₹ 49,700 (2) ₹ 96,000

(3) ₹ 71,000 (4) शून्य

(d) श्री 'ड' धंधाकीय सम्पत्ति की जानकारी निम्नानुसार प्रस्तुत करता है :

| | |
|---|---|
| – प्लान्ट और मशीन | |
| – ता. 1-4-2012 को घटती जाती बाकी | ₹ 60,000 |
| – ता. 1-6-2012 को नयी मशीन खरीदी | ₹ 50,000 |
| – ता. 1-1-2013 के रोज मशीन का विक्रय | ₹ 10,000 |
| – घिसाई का दर | 15% |

धंधा-व्यवसाय शीर्षक के अन्तर्गत स्वीकार्य घिसाई :

(1) ₹ 10,000 (2) ₹ 15,000

(3) ₹ 16,500 (4) ₹ 9,000

(e) श्री 'ई' XYZ कम्पनी लि. में से 29 वर्ष और 5 मास की नौकरी पूर्ण करके निवृत्त हुआ । निवृत्ति के समय दी पेमेन्ट ऑफ ग्रेच्युइटी एक्ट के प्रावधानों अनुसार उसे ₹ 2,00,000 ग्रेच्युइटी चुकायी गयी । निवृत्ति समय का उसका मासिक मूल वेतन ₹ 6,200 और मासिक महँगाई भत्ता ₹ 2,800 था । उसकी कर योग्य ग्रेच्युइटी है :

(1) शून्य (2) ₹ 49,423

(3) ₹ 2,00,000 (4) ₹ 69,500

5. गुजरात मूल्यवर्धित कर (VAT) अन्तर्गत कोई **दो** का उत्तर दीजिये : **10**

(a) परिभाषा दीजिये : (कोई **दो**)

(1) धंधा (Business)

(2) माल (Goods)

(3) व्यापारी (Trader)

(4) धंधा का स्थल (Place of Business)

(b) 'टेक्ष क्रेडिट' (Tax Credit) की अवधारणा समझते हुए टिप्पणी लिखिये ।

(c) 'अनिवार्य रजिस्ट्रेशन' पर टिप्पणी लिखिये ।

(d) VAT कानून के अन्तर्गत कर भार के प्रावधान बताइये ।